जनपद - संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनाँक 23.03.2025

शान्ति भंग (170/126/135 बीएनएसएस) में 05 अभियुक्त गिरफ्तार

थाना धनघटा पुलिस द्वारा 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 04 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

थाना बलहरकला पुलिस द्वारा 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

पीआरवी आफ द डे

पीआरवी 6001 द्वारा जमीनी विवाद/मारपीट में घायल व्यक्ति को भेजवाया गया अस्पताल– पीआरवी 6001 थाना को० खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत रसुलाबाद से कालर द्वारा जमीनी विवाद/मारपीट में घायल (शैलेष पुत्र राममिलन निवासी रसुलाबाद थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीनगर) के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा त्वरित गति से घटनास्थल पर समय से पहुँचकर घायल व्यक्ति को 108 एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल खलीलाबाद भेजवाया गया। घटना के सम्बन्ध में थाना को० खलीलाबाद को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर समय से पहुँचकर मारपीट में घायल व्यक्ति को ईलाज हेतु जिला अस्पताल खलीलाबाद भेजवाया गया। जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गयी।

पीआरवी स्टाफ- मु०आ० श्री प्रकाश, आरक्षी विपिन मिश्रा, हो०चा0 अनिल पाण्डेय।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 131 वाहनों से 1,80,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनांक 23.03.2025 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 131 वाहनों से 1,80,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर के निर्देशन में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए अपहृत 02 बालकों को 24 घण्टे के अन्दर किया गया बरामद

आज दिनांक 23.03.2025 को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सन्तकबीरनगर **श्री सुशील कुमार सिंह** के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद **श्री अजीत चौहान** के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद **श्री पंकज कुमार पाण्डेय** के नेतृत्व में **थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस** द्वारा मु0अ0सं0 245/2025 धारा 137(2) बीएनएस के मामलें में कार्यवाही करते हुए अपहृत बालकों नाम पता नदीम 05 वर्ष व आरिफ 03 वर्ष पुत्रगण अय्यूब निवासी औरंगाबाद थाना कोतवाली खलीलाबाद को थाना धनघटा क्षेत्रान्तर्गत रामपुर बाराकोनी चौराहे के पास से अपहृत के पिता के पास से बरामद किया गया।

घटना का विवरण - दिनांक 22.03.2025 को समय करीब 17:00 बजे थाना कोतवाली खलीलाबाद पर श्रीमती नूरमा खातून पत्नी मोहम्मद अयूब निवासी औरंगाबाद अतरौरा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा सूचना दिया कि आज दिन में करीब 12:00 बजे उनके बच्चे नदीम उम्र करीब 05 वर्ष तथा आरिफ उम्र करीब 03 वर्ष घर से कहीं गायब हो गए हैं। काफी तलाश की पता नहीं चल रहा है। उक्त प्रकरण मे प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 245/2025 धारा 137(2) बीएनएस बनाम अज्ञात के पंजीकृत किया गया था।

पूछताछ का विवरण- अपहृत के पिता अय्यूब द्वारा बताया गया कि उनकी पत्नी वादिनी श्रीमती नूरमा खातून से विगत कुछ दिनों से आपसी सम्बन्ध ठीक नही है जिसकी वजह से बिना किसी को बताए बच्चों को लेकर चला गया था। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में अपहृत बच्चों को बरामद करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

बरामद करने वाली पुलिस टीम- उ0नि0 श्री शम्भूराम, का0 विशाल सिंह, का0 आदित्य सिंह।